दिनांक 19-10-2026
प्रेस विज्ञप्ति 534/2026

मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

पुलिस स्मृति दिवस-2026

कर्तव्यपालन के दौरान संवेदनशीलता, समर्पण और त्याग का अप्रतिम उदाहरण प्रस्तुत करने वाले शहीद पुलिस कार्मिकों की स्मृति में प्रतिवर्ष **21 अक्टूबर** को पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन हम उन वीर शहीद पुलिसजनों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, जिन्होंने राष्ट्र व समाज की रक्षा में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए प्राणों की आहुति दी है।

यह शौर्य गाथा 67 वर्ष पुरानी है जब 21 अक्टूबर 1959 को भारत की उत्तरी सीमा लद्दाख के हिमाच्छादित जनहीन क्षेत्र में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के 10 जवान नियमित गश्त पर निकले थे। स्वचालित रायफलों व मोर्टारों से लैस चीनी सैनिकों ने छलपूर्वक हमारे क्षेत्र में एम्बुश लगाकर अचानक उन पर हमला कर दिया। अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिये साधारण शस्त्रों के बावजूद चीनी सैनिकों का डटकर मुकाबला करते हुए केन्द्रीय पुलिस बल के इन बहादुर जवानों ने अपने प्राणों की आहुतियाँ दी थी। इन्हीं वीर जवानों के बलिदान को याद करते हुए कर्तव्यपथ पर प्राणोत्सर्ग करने वाले जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु पुलिस स्मृति दिवस मनाने की परम्परा प्रचलित है।

हमारे पुलिस कर्मियों का बलिदान उनकी सच्ची समर्पण भावना एवं कर्तव्य-परायणता का द्योतक है तथा कर्तव्यनिष्ठा एवं जनसेवा के प्रति उनकी संकल्पबद्धता को प्रतिबिम्बित करता है। वीर पुलिस कर्मियों का त्याग एवं बलिदान देशभक्ति का अद्वितीय उदाहरण बनकर हमारी भावी पीढ़ी को सदैव कर्तव्य-परायणता के मार्ग पर निर्भीकता के साथ अनुगमन की प्रेरणा देता रहेगा।

पुलिस स्मृति दिवस का आयोजन 21 अक्टूबर को पुलिस लाइन लखनऊ में किया जायेगा। इस अवसर पर मा0 मुख्यमंत्री जी उ0प्र0 द्वारा शहीद पुलिसजनों को श्रद्धांजलि अर्पित की जायेगी तथा शहीदों के परिवारिजनों को सम्मानित किया जायेगा।

दिनांक 01 सितम्बर, 2025 से 31 अगस्त, 2026 तक की अवधि में सम्पूर्ण भारत में 154 पुलिसजनों द्वारा कर्तव्य की वेदी पर अपनी जीवनाहुतियाँ दी गई हैं, जिसमें **आंध्रप्रदेश-01**, **अरूणाचल प्रदेश-01**, **असम-06**, **बिहार-12**, **छत्तीसगढ़-06**, **गुजरात-02**, **हरियाणा-04**, **झारखण्ड-03**, **कर्नाटक-05**, **केरलम-01**, **मध्यप्रदेश-09**, **महाराष्ट्र-02**, **मणिपुर-01**, **पंजाब-02**, **राजस्थान-05**, **तमिलनाडु-06**, **तेलंगाना-04**, **उत्तर प्रदेश-06**, **उत्तराखण्ड-01**, **पश्चिम बंगाल-05**, **दिल्ली-03**, **जम्मू कश्मीर-09**, **असम राइफल्स-06**, **बीएसएफ-25**, **सीआईएसएफ-04**, **सीआरपीएफ-02**, **आईटीबीपी-09**, **एसएसबी-05**, **फायर सर्विस, सिविल डिफेंस & होमगार्ड्स -01**, **आरपीएफ-08** जवान सम्मिलित हैं। इनमें **उत्तर प्रदेश के 06 पुलिसजन** कमशः **कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के फायर सर्विस चालक तीर्थपाल सिंह व फायरमैन रोहित यादव एवं जनपद जालौन के उपनिरीक्षक ना0पु0 मोहित कुमार यादव, उपनिरीक्षक ना0पु0 सत्यभान सिंह, आरक्षी ना0पु0 अशोक कुमार, आरक्षी ना0पु0 प्रदीप कुमार** सम्मिलित हैं। कर्तव्य पालन में आत्म बलिदान करने वाले इन वीर शहीदों के पराक्रम से प्रदेश का सम्पूर्ण पुलिस बल गौरवान्वित है।

<u>दिनांकः 01-09-2025 से 31-08-2026 तक की अवधि में कर्तव्यपथ पर वीरगति को प्राप्त हुए उत्तर प्रदेश पुलिस के कार्मिकों की शौर्य गाथा से सम्बन्धित प्रमुख घटनायें :-</u>



1- स्व0 तीर्थपाल सिंह, फायर सर्विस चालक, पीएनओ-972650034, कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।

2- स्व0 रोहित यादव, फायरमैन, पीएनओ-162330146, कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।

दिनांकः 04-08-2026 को रात्रि 03:28 बजे नोएडा के थाना ईकोटेक तृतीय क्षेत्रान्तर्गत मैसर्स-ईलजिन इलैक्ट्रोनिक्स प्रा0लि0 प्लाट न0-28 उद्योग केन्द्र-01 ईकोटेक-03 ग्रेटर नोएडा कम्पनी में भीषण अग्निकाण्ड की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल ही फायर स्टेशन ईकोटेक तृतीय ग्रेटर नोएडा से प्रथम टर्नआउट कराकर अग्निशमन वाहन (संख्याः यूपी-16 जी-0678) घटना स्थल के लिए रवाना किया गया, जिसके द्वारा घटना स्थल पर पहुँचकर तत्काल सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए अग्निशमन कार्य प्रारम्भ किया गया एवं कुछ समय में ही अन्य फायर स्टेशनों की यूनिटों के पहुँचने पर समन्वित रूप से आग पर नियत्रंण हेतु निरन्तर प्रयास किया गया। आग के अत्यधिक विकराल एवं तीव्र होने के कारण अग्निशमन कार्य भवन के दोनों तरफ के बाहरी हिस्से से किया जा रहा था, इसी दौरान अग्निशमन कार्यवाही करते समय कम्पनी की दाहिनी दीवार अचानक से भर-भराकर बाहर की ओर सेटबैक में अग्निशमन वाहनों (संख्याः यूपी-32 ईजी-3482 एवं यूपी-16 जी-0678) के ऊपर गिर गई। जिससे अग्निशमन कार्य कर रहे कर्मचारीगण, फायर सर्विस चालक श्री तीर्थपाल सिंह, फायरमैन रोहित यादव, फायर सर्विस चालक श्री राजपाल सिंह, फायरमैन श्री मनीष कुमार तथा फायरमैन अमित मलबे के नीचे दब गए। मलबे में दबे सभी कार्मिकों को बाहर निकालकर उपचार हेतु सरकारी वाहनों व एम्बुलेंस से यथार्थ हास्पिटल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिसरख भेजा गया। चिकित्सकों द्वारा परीक्षण के उपरान्त फायर सर्विस चालक श्री तीर्थपाल सिंह एवं फायरमैन श्री रोहित यादव को उपचार के दौरान मृत घोषित कर दिया गया तथा अन्य तीनों कर्मियों की स्थिति खतरे से बाहर बताई गई है।

इस प्रकार फायर सर्विस चालक श्री तीर्थपाल सिंह एवं फायरमैन श्री रोहित यादव अदम्य साहस, समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देते हुए जन-धन की सुरक्षा हेतु अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए शहीद हो गये।

3- स्व0 मोहित कुमार यादव, उपनिरीक्षक ना0पु0, पीएनओ-182372588, जनपद जालौन।

4- स्व0 सत्यभान सिंह, उपनिरीक्षक ना0पु0, पीएनओ-902260364, जनपद जालौन।



5- स्व0 अशोक कुमार, आरक्षी ना0पु0, पीएनओ-182371455, जनपद जालौन।

6- स्व0 प्रदीप कुमार, आरक्षी ना0पु0, पीएनओ-182370016, जनपद जालौन।

दिनांकः 05-05-2026 को कोतवाली उरई, जनपद जालौन में मु0अ0सं0 256/2026, धारा- 140(1)/305 बीएनएस के वादी श्री अमरीक सिंह की तहरीरी सूचना पर मुकदमा पंजीकृत किया गया, जिसमें वादी के मौसेरे भाई बिजेन्दर सिंह को चार अज्ञात व्यक्तियों द्वारा अपहरण करके ले जाने के आरोप के दृष्टिगत अपहृत की सकुशल एवं त्वरित बरामदगी के उद्देश्य से कोतवाली उरई से उपनिरीक्षक मोहित कुमार यादव, उपनिरीक्षक सत्यभान सिंह, आरक्षी अशोक कुमार एवं आरक्षी प्रदीप कुमार को रवाना किया गया था। यात्रा के दौरान के.एम.पी. हाइवे धुलावट, टोल प्लाजा के पास थाना सदर तावरू, जनपद नूंह, हरियाणा में स्कोर्पियो गाड़ी के आगे जा रहे ट्रक से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण उक्त सभी कर्मचारियों की दर्दनाक मृत्यु हो गयी। सरकारी कार्य निष्पादन के दौरान उपरोक्त पुलिस कर्मचारियों द्वारा सर्वोच्च बलिदान दिया गया है।

इस प्रकार उपनिरीक्षक मोहित कुमार यादव, उपनिरीक्षक सत्यभान सिंह, आरक्षी अशोक कुमार एवं आरक्षी प्रदीप कुमार अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुये शहीद हो गये।

दिनांक 19.10.2026
प्रेस विज्ञप्ति 535/2026

मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

जनपद आजमगढ़/थाना कप्तानगंज

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **पुलिस कार्यवाही में 02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 06 लाख रूपये कीमत की चोरी के पीली–सफेद धातु के आभूषण**
- **चोरी के 07 हजार 500 रूपये नगद**
- **01 मोबाइल फोन, 01 एलसीडी टीवी**
- **02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **घटना में प्रयुक्त 01 आटो रिक्शा आदि बरामद**

दिनांक 18/19.10.2026 की रात्रि थाना कप्तानगंज पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर जफरामऊ स्थित रानीपुर तिराहा के पास चेकिंग के दौरान बदमाशों की घेराबन्दी की गई तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1–दिनेश उर्फ लकी उर्फ बुढ़वा 2–दीपक उर्फ देवदत्त घायल हो गये, जिन्हे गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 06 लाख रूपये कीमत की चोरी के पीली–सफेद धातु के आभूषण, चोरी के 07 हजार 500 रूपये नगद, 01 मोबाइल फोन, 01 एलसीडी टीवी, 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस, घटना में प्रयुक्त 01 आटो रिक्शा आदि बरामद हुए। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 07.10.2026 को थाना कप्तानगंज क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना कप्तानगंज पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आभूषण आदि चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित है। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त दिनेश उर्फ लकी उर्फ बुढ़वा

के विरूद्ध जनपद आजमगढ़ के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, चोरी, धोखाधड़ी, गैंगेस्टर एक्ट, आबकारी एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 19 अभियोग एवं अभियुक्त दीपक उर्फ देवदत्त के विरूद्ध जनपद आजमगढ़, गाजीपुर के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, लूट, चोरी, धोखाधड़ी, गैंगेस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 13 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना कप्तानगंज पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–दिनेश उर्फ लकी उर्फ बुढ़वा निवासी हिरापट्टी थाना कोतवाली जनपद आजमगढ़।

2–दीपक उर्फ देवदत्त निवासी कोइराना थाना कोतवाली जनपद आजमगढ़।

बरामदगी

1–दिनेश उर्फ लकी उर्फ बुढ़वा 2–दीपक उर्फ देवदत्त

कमिश्नरेट लखनऊ/थाना कृष्णानगर

- **25–25 हजार रूपये के 02 पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 लाख 34 हजार 500 रूपये नगद बरामद**

दिनांक 19.10.2026 को थाना कृष्णानगर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर 02 पुरस्कार घोषित अभियुक्तों 1–पंकज कुमार 2–नवनीत को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 01 लाख 34 हजार 500 रूपये नगद बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जो थाना कृष्णानगर पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहे थे, जिनकी गिरफ्तारी हेतु कमिश्नरेट स्तर से 25–25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना कृष्णानगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–पंकज कुमार निवासी पद्यशालीपुरम मधुवन कॉलोनी थाना दुर्गानगर जनपद रंगारेड्डी हैदराबाद तेलांगना, मूलपता ग्राम मोमिनपुर थाना हिलसा जनपद नालन्दा बिहार।

2–नवनीत निवासी न्यू बेहसा मान सरोवर योजना थाना सरोजनीनगर कमिश्नरेट लखनऊ।

बरामदगी

1–01 लाख 34 हजार 500 रूपये नगद।

जनपद बस्ती/थाना गौर

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **05 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के पीली धातु (15 ग्राम)– सफेद धातु (400 ग्राम)**
- **चोरी के 17 हजार 40 रूपये नगद**
- **03 मोबाइल फोन आदि बरामद**

दिनांक 19.10.2026 को थाना गौर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर सौराहा क्रासिंग के पास से 05 अभियुक्तों 1– राजकुमार 2–सोनेलाल उर्फ सोनू 3–अवधेश 4–धनीराम 5–आमिर को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के पीली धातु (15 ग्राम)– सफेद धातु (400 ग्राम), चोरी के 17 हजार 40 रूपये नगद, 03 मोबाइल फोन आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 10/11.10.2026 की रात्रि थाना गौर क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना गौर पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपया आदि चोरी की घटना से सम्बन्धित है। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त राजकुमार के विरूद्ध जनपद बहराइच, बस्ती, सीतापुर, बलरामपुर के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, लूट, चोरी, गैंगेस्टर एक्ट, एनडीपीएस एक्ट आदि के 19 अभियोग, अभियुक्त सोनेलाल उर्फ सोनू के विरूद्ध जनपद बस्ती, सीतापुर, देवरिया, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर व कमिश्नरेट लखनऊ के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, चोरी, गैंगेस्टर एक्ट, आबकारी एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 13 अभियोग एवं अभियुक्त अवधेश के विरूद्ध जनपद बस्ती, सीतापुर के विभिन्न थानो में चोरी, गैंगेस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 06 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना गौर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–राजकुमार निवासी औरीसायपुर थाना तम्बौर जनपद सीतापुर।

2–सोनेलाल उर्फ सोनू निवासी कुट्टी सुपौली थाना लहरपुर जनपद सीतापुर।

3–अवधेश निवासी बेदौरा थाना रेउसा जनपद सीतापुर।

4–धनीराम निवासी ऊंचगांव करहेका थाना सकरन जनपद सीतापुर।

5–आमिर निवासी महराजगंजजोत

बरामदगी

1–चोरी के पीली धातु (15 ग्राम)– सफेद धातु (400 ग्राम)।

2–चोरी के 17 हजार 40 रूपये नगद।

3–03 मोबाइल फोन आदि।

———————